भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1094
गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में सर्किट बनाने के लिए निधि

1094. श्री मुजीबुल्ला खानः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार स्वदेश दर्शन योजना के तहत संस्वीकृति के लिए ओडिशा में बौद्ध स्थल बनाने के परियोजना प्रस्ताव को स्वीकृत करेगी; और

(ख) क्या सरकार स्वदेश दर्शन योजना के तहत ग्रामीण सर्किट और आध्यात्मिक सर्किट विकसित करने के लिए निधि संस्वीकृत करने पर विचार करेगी?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ख): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हालांकि, स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा राज्य में 70.82 करोड़ रुपये की राशि से तटीय परिपथ थीम पर एक परियोजना को मंजूरी दी है। वर्तमान में, स्वदेश दर्शन योजना के तहत नई परियोजनाओं पर विचार नहीं किया जा रहा है।

****